# मासिक रिपोर्ट

अंक :160 जुलाई 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौहदवां वर्ष


सेवा में

______________________

______________________

**स्वैच्छिक सेवा का 56 वां वर्ष**

- जुलाई 2015 में 28 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान जुलाई माह में : अधिकतम 38° सेल्सियस, न्यूनतम 26° सेल्सियस रहा।
- जून माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

**आर्थिक सहयोग-**

- **स्वर्ण जयन्ती समारोह सम्बन्धी सहयोग – सम्यकज्ञान पीठ ( श्री वीरचंद जी मेहता)3,100 रु., डॉ.आर.एल.जैन 1000 रु. (मई में प्राप्त)**
- **छात्रवृति राशि – श्री सलील बक्षी 15,000 रु., श्रीमती कंचन देवी गुप्ता 1000रु.**
- **सिलाई प्रशिक्षण – श्री एस.के.भटनागर 3000रु.**
- **वार्षिक सहयोग राशि–डॉ.एन.एल.कच्छारा 1000 रु.**
- **विशेष सहयोग राशि – श्री एस.पी.मित्तल 5000रु. व प्रोफेसर सुशीला अग्रवाल 2000रु.**
- **मेडिकल केम्प-इनरव्हली क्लब 4,000 रू.**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी**

- **लोक विज्ञान** का जुलाई अंक प्रकाि ात हुआ। इसमें **मानव मस्तिष्क की स्मृति बोध में भूमिका-2, एक आश्चर्यजनक औषधि-एस्पिरिन, ऑक्सीजन पीयें-लंबा जीवन जीयें** आदि सामग्री प्रकाि ात की गई।

**महिला सशक्तीकरण**

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 जुलाई को आयोजित हुई। बैठक में 60 महिलाएं उपस्थित थीं। **श्रीमती आशा सिसोदिया एवं श्रीमती सुशीला मेहता** ने एक्यूप्रेशर से उपचार एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया तत्पश्चात् योग के द्वारा स्वास्थ्य लाभ और योग की क्रिया द्वारा महिलाओं को लाभान्वित किया।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोशठ की मासिक बैठक 20 जुलाई को आयोजित हुई। बैठक में 62 महिलाएं उपस्थित हुई । आमोद प्रमोद एवं नई जानकारियों सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित हुए।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** इस शिविर का वार्षिक समारोह 30 जुलाई को आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन **डॉ.के.एल.कोठारी,** अध्यक्ष द्वारा किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि **श्री राजीव मित्तल** सोफ्टवेयर इंजीनियर, (यू.एस.ए.) थे जो अपने दो पुत्रों के साथ इस गतिविधि को जानने आये थे। विशिष्ठ अतिथि **श्री रवीन्द्रपालसिंह** थे जो 70 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं को रक्तदान से संबंधित समस्त जानकरी दी। शिविर में फतहनगर, टूस, नान्दवेल व चंदेसरा की 40 महिलाओं ने भाग लिया। चंदेसरा की **श्रीमती कमला** तीन विद्यालयों की कॉपियों के लिए प्रार्थना पत्र लेकर आयी थी। **डॉ. के.एल.कोठारी** ने उनको 250 कॉपियाँ अणुव्रत समिति की ओर से गांवों में देने के लिए हाथों हाथ उपलब्ध करायी। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर की जानकारी दी। विज्ञान समिति के सचिव **डॉ.के. एल.तोतावत** ने महिलाओं को सरकारी बीमा योजनओं की जानकारी दी। **डॉ.सुशीला अग्रवाल** ने पढाई के लिए प्रेरित किया। **डॉ.एन.एल.गुप्ता व श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने **स्व.राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम** के जीवन पर अपने विचार रखे। कुछ महिलाओं ने भी श्री कलाम पर अपने विचार दिए। शिविर में महान् वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति **स्व.अब्दुल कलाम** को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली दी गई।

ग्रामीण महिला चेतना शिविर प्रभारी **डॉ.शैल गुप्ता** ने रेशमी धागे, रिबन, गोटा, ऊन व डोरी से मोती, रूद्राक्ष व रेशम की राखियाँ बनाना सिखाया जिसे महिलाओं ने बडे मनोयोग से सीखा व अपनी–अपनी बनायी राखी अपने साथ ले गयी। महिलाओं को लहर, मासिक पत्रिका जीवन पच्चीसी व चिकित्सा शिविर से संबंधित कागज वितरित किये गये। अंत में महिलाओं को नाश्ता कराया व यात्रा भत्ता वितरित किया गया।

**स्वास्थ्य सेवाएं**

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ाुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जुलाई माह में 9 शिविर हुए जिसमें 188 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वाधान में **पच्चीसवां शिविर** दिनांक 19 जुलाई 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. अनुराग तलेसरा, अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ. भानु प्रकाश ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. दिप्ती बंसल नेत्र रोग विशेषज्ञ अलखा नयन मंदिर, दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री कल्पेश पूर्बिया फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूप्रेशर टीम व डॉ. मुकेश प्रजापत आयुर्वेद विशेषज्ञ** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। साथ ही श्री **अंकित नागोरी,श्री कमलेश चौबीसा, एल.बी. पहाड़िया एवं अविनाश शर्मा** ने रोगियों की 55 मधुमेह, 30 ब्लडप्रेशर, 7 $HbA_1C$ की जांचें की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 111 नागरिकों का (22 सामान्य, 18 हृदय, 30 मधुमेह, 6 नेत्र, 11 अस्थि/फिजियोथेरेपी, 4 दंत) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 10 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 10 नागरिकों को आयुर्वेद चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। इस शिविर में बायोमास इंडेक्स एवं $HbA_1C$ जांचे सन फार्मा की ओर से की गई जो नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगी। आगामी **छब्बीसवां शिविर 16 अगस्त 2015 रविवार प्रात: 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

### प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दिनांक 19 जुलाई 2015 भानिवार को एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में प्रातः 10 बजे विज्ञान समिति सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में विद्युत कंपनी के पूर्व प्रबन्ध निदेशक **इंजी. श्री बी.एल.खामेसरा** ने विस्तृत वार्ता दी। उन्होंने **''विद्युत प्रसारण की विभिन्न बिन्दुओं** पर विस्तृत जानकारी दी तथा **श्री वाई.के.बोलिया** ने विद्युत की दरों के निर्धारण में असंगतियों पर प्रकाश डाला।

प्रत्येक सोमवार को **मंथन बैठकें** भी आयोजित हुई जिसमें समसामयिक विषयों पर विचार – विमर्श हुए।

### दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

पद्म विभूषण डॉ. डी.एस.कोठारी के जन्मदिन 6 जुलाई को विज्ञान समिति में **दर्शन विज्ञान दिवस** के रूप में नियमित मनाने का निर्णय लिया है। पिछले कई वर्षो से हम इस दिवस पर कोई ना कोई आयोजन करते आए हैं। पिछले वर्ष एक बड़ी गोष्ठी का आयोजन हुआ था जिसमें हैदराबाद से **डॉ.वी. के.सारस्वत** (वर्तमान में नीति आयोग के सदस्य), मुख्य वक्ता थे तथा **आचार्य कनकनंद जी** दिनभर इसमें बिराजे थे। अहमदाबाद से तीन वैज्ञानिक पधारे थे। कुल 11 प्रस्तुतियां हुई थी। इस वर्ष भी संगोष्ठी आयोजित की गई जो दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के अन्तर्गत संयोजक **डॉ.एन.एल.कच्छारा** के निर्देशन में आयोजित हुई जिसमें भी अहमदाबाद से 2 वैज्ञानिक पधारे थे। इस संगोष्ठी में **आचार्य मुनि श्री प्राण्म्य सागर जी** के सान्निध्य में प्रथम चरण हुआ था। मुनिश्री का बहुत सारगर्भित उद्बोधन रहा। कुल छह प्रस्तुतियां हुई। अन्त में प्रश्नोत्तर हुए जिनका काफी अच्छा स्तर था। सुंदर आयोजन के लिए **कच्छारा सा.** का आभार !

### केलवा प्रोजेक्ट

**श्रद्धा** के 21 वें अंक (जुलाई 2015) का प्रकाशन हुआ। केलवा, मुम्बई, उदयपुर तथा अन्य स्थानों पर वितरित किया गया।

भिक्षु आलोक संस्थान के चार नए सदस्य बने।

### अन्य बिन्दु

- **आचार्य महाप्रज्ञ के 96 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अणुव्रत समिति** ने विज्ञान समिति सभागार में **मुनि रॉकेश कुमार जी** के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें अणुव्रत पुरस्कार **श्री गोवर्धनलाल मेनारिया** को दिया गया जो तुलसी निकेतन में सेवारत हैं। यह पुरस्कार **श्रीमती सुंदरदेवी कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट** के सौजन्य से प्रतिवर्ष दिया जाता हैं।
- हमारे सम्माननीय सदस्य **प्रो.योगेश अटल** को भारत सरकार द्वारा **पद्म भूषण** पुरस्कार से नवाजा जाए। उसके संबंध में विज्ञान समिति से मुख्यमंत्री महोदया को विस्तृत सिफारिश भेजी गई और निवेदन किया कि भारत सरकार को ऐसा प्रस्ताव भेजे। उसकी प्रतियां **श्री कैलाश जी मेघवाल,** विधानसभा अध्यक्ष तथा **श्रीमन गुलाबचंद जी कटाारिया,** गृहमंत्री को भी भेजकर सहयोग के लिए अपील की।
- **डॉ. एवं श्रीमती गेरा** ने आई.आई.टी आदि संस्थाओं के लिए नव चयनित व कुछ पुराने छात्रों के लिए तीन दिन की कार्यशाला विज्ञान समिति की पहल पर आयोजित की जो काफी मार्गदर्शक रही।
- **डॉ.के.एल.कोठारी** की तिथि के अनुसार जन्मदिन 16 जुलाई को था उस दिन विज्ञान समिति परिसर में एक क्रिसमस का

पौधा लगाया गया।

● **प्रो.जे.एन.कविराज** ने सुन्दरवास में **स्टेण्डवर्ड एस.एस.स्कूल** के दसवीं के छात्र–छात्राओं को संबोधित किया।

● स्वर्ण जयन्ती संबंधी पुस्तक की तैयारी में इस माह कई सदस्य व्यस्त रहे।

### सदस्यों संबंधी

● **डॉ.के.एल.कोठारी–श्रीमती विमला जी कोठारी** की दोहित्री **सुश्री गीतांजली धाकड पुत्री श्री प्रकाश जी धाकड व हमारी सदस्या डॉ.रेणु धाकड का प्रवेश बिड़ला इन्टिट्यूट ऑफ टेक्नीकल साईन्सेस, हैदराबाद** में हुआ। हार्दिक बधाई!

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्रीमान बी.एच.बाफना सा. पूना में सादड़ी जैन समाज के समारोह में मुख्य अतिथि** थे और उन्होंने अपने संबोधन में कई सामाजिक सुझाव प्रस्तुत किए। बधाई !

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **इंजी. आर.के.चतुर सपत्नी** अमेरिका में अपने पुत्र के यहां ढाई माह के प्रवास पर गए।

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्री अरुण कोठारी** जो चुनाव में अणुव्रत समिति के महामंत्री चुने गए थे को साधारण सभा की बैठक में **कार्यकारी अध्यक्ष** बनाया गया और हमारे हितेषी **श्री निर्मल कुणावत** को महामंत्री बनाया गया।

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **डॉ.वाई.एस.कोठरी** व उनकी पत्नी हमारी उपाध्यक्षा **श्रीमती पुष्पा कोठारी** अपने दो पौत्रों को दक्षिण भारत में घुमाने ले गए। 23 को पुनः सकुशल लौट आए हैं।

## अपील

● **सदस्यों से निवेदन है कि कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार प्रत्येक सदस्य कम से कम 1000 रु. प्रतिवर्ष समिति की सेवा गतिविधियों के लिए प्रदान करें। इसके अनुसार सहयोग की अपेक्षा है।**

● **जो सदस्य विशेष योगदान देने में रुचि रखते हैं वे निम्न कार्यो के लिए योगदान कर सकते हैं।**

♦ **विज्ञान पढ़ने वाली अभावग्रस्त विद्यालयी छात्राओं को ( ग्यारवी व बारहवीं ) छात्रवृति हेतु कम से कम 1000 रु.**

♦ **ग्रामीण अभावग्रस्त महिलाओं को उनके व्यवसाय में सहयोग के लिए पांच-पांच हजार रुपये का ऋण दिया जाता है उसमें भागीदारी के लिए।**

♦ **मासिक ग्रामीण महिला चेतना शिविर में निम्नाकित रूप में सहयोग किया जा सकता है :**

♦ **अच्छे कार्यो के लिए पारितोषिक देने के लिए**

♦ **उनके नाश्ते के प्रबंध के लिए**

● **सेवा प्रकोष्ठ हेतु - इस प्रकोष्ठ से कई अभावग्रस्त एवं कठिनाई में आए लोगों की छोटी-छोटी सहायता हेतु**

● **समिति के सामान्य खर्चो की पूर्ति के लिए राशि**

## श्रद्धांजलि

इस रिपोर्ट के छपते–छपते 6 अगस्त को हमारे सदस्य स्व. डॉ. वी.एस. कावडिया की धर्मपत्नी श्रीमती तारा कावडिया का गहन रोगोपचार के चलते निधन हो गया। दाह संस्कार में तथा उठावणे में समिति के कई सदस्य सम्मिलित हुए। शोक संदेश भी भेजा गया। दिवंगत आत्मा को सादर श्रद्धांजलि !



## जन्मदिन की बधाइयाँ (जुलाई -अगस्त माह)



| | | | |
|---|---|---|---|
| Smt. Shakuntala Dhakar | 04/08 | Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Shri Munish Goyal | 04/08 | Arvind Mehta | 14/09 |
| Shri Raj Lodha | 14/08 | Sh. R.K.Chatur | 16/09 |
| Shri N.C. Jain | 22/08 | Sh. Manohar Singh Samar | 16/09 |
| Shri R.K.Bolia | 23/08 | Dr. Anurag Talesra | 22/09 |
| Shri Parag Kothari | 28/08 | Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Shri Rakesh Samar | 31/ 08 | Dr. Yogesh Joshi | 30/09 |

समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।

### जन्म दिन मनाया

डॉ.एल.एल.धाकड का जन्मदिन 15 जुलाई को समिति परिसर में मनाया गया।

डॉ.के.बी.शर्मा ने अपना 84 वा जन्मदिन 26 जुलाई को परिवार व मित्रों के साथ मनाया।

श्री पवन कोठारी का जन्मदिन 5 जुलाई को परिवार व रोटरी मेवाड के मित्रो के साथ मनाया।

## विज्ञान समिति के अगस्त माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 16 अगस्त 2015 प्रातः 10 से 12

- **नियमित मासिक गतिविधियां**

| | |
|---|---|
| * दर्शन विज्ञान दिवस संगोष्ठी | दिनांक 08 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ पिकनिक | दिनांक 18 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 17 अगस्त 2015 सायं 5.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 20 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | दिनांक 31 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |

**विशेष कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| विशाल आर्थोपैडिक शिविर | दिनांक 02 अगस्त 2015 प्रातः 9 से 2 बजे तक |
| * स्वतन्त्रता दिवस समारोह | दिनांक 15 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * विज्ञान समिति स्थापना दिवस कार्यक्रम | दिनांक 30 अगस्त 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * अन्य निर्णय होने पर | |

यह अंक आपके पास देरी से पहुंच रहा है । कृपया क्षमा करें।

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर

Quick Print Service # 94147 36608